आरयू में कुलपति आवास के बाहर छात्रों का धरना समाप्त

यूनिवर्सिटी के स्विमिंग पूल में छात्र की डूबने से मौत का मामला

- भाजपा विधायक कुलदीप धनकड़ और गोपाल शर्मा की मध्यस्थता के बाद छात्रों के प्रतिनिधिमंडल की कुलपति से मुलाकात हुई।
- आर्थिक सहायता और विकास की बहन के उच्च शिक्षा का खर्चा उठाने सहित 5 सूत्री मांगों पर सहमति बनी

जयपुर। राजस्थान यूनिवर्सिटी के स्विमिंग पूल में छात्र विकास यादव की मौत के बाद पिछले 24 घंटे से कुलपति आवास के बाद धरना दे रहे स्टूडेंट्स ने पांच सूत्री मांगो पर सहमति के बाद धरना खत्म कर दिया है। शुक्रवार को भाजपा विधायक कुलदीप धनकड़ और गोपाल शर्मा की मध्यस्थता के बाद छात्रों के प्रतिनिधिमंडल की कुलपति से मुलाकात हुई। जिसमें मेडिकल बोर्ड द्वारा विकास का पोस्टमार्टम करने के साथ ही उसके परिजनों को आर्थिक सहायता और विकास की बहन के उच्च शिक्षा का खर्चा उठाने जैसे मुद्दों पर सहमति बनी है।

इसके अलावा राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा अपने कोष से 10 दस लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा पंजीकृत बीमा कंपनी से 12 लाख रुपए के दुर्घटना बीमा की सहायता राशि मिलेगी। वहीं मुख्यमंत्री सहायता कोष से सरकार द्वारा 5 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। दोषियों पर कार्रवाई के लिए जांच कमेटी का गठन होगा जो 15 दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। दरअसल, गुरुवार शाम राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्र विकास यादव की यूनिवर्सिटी के ही स्विमिंग पूल में मौत हो गई थी। इसके बाद यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कुलपति आवास के बाहर धरना शुरू कर दिया था। छात्र प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि एक तरफ छात्रों से फॉर्म भरते समय स्विमिंग पूल एरिया में उनकी सिक्योरिटी के मद्देनजर फीस ली जाती है। वहीं, दूसरी तरफ मौके पर जहां चार लाइफगार्ड और दो कोच होने चाहिए, उनकी बजाए दो लाइफगार्ड और एक कोच ही मिलता है, वो व्यस्त रहते हैं। उन्होंने पूरे प्रकरण में विश्वविद्यालय प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए इस गैर जिम्मेदाराना हरकत पर कुलपति और कोच से इस्तीफा मांगा। वहीं, विकास के परिजन रोहिताश यादव ने बताया कि विकास के परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। उसके पिता बेरोजगार हैं।

दो छोटी बहनें हैं। विकास शुरू से ही एक होनहार छात्र था। उसी से ही पूरे परिवार की उम्मीद बंधी हुई थी, इसलिए उन्होंने मांग उठाई कि उनके बच्चे को न्याय मिले और परिवार में उस पर आश्रित बहनों के लिए कोई ऐसी मदद हो कि उन पर आर्थिक भार ना आए। उनके परिवार में से किसी एक को सरकारी नौकरी दी जाए। शुक्रवार को भाजपा विधायकों की मध्यस्थता के बाद इस पूरे विवाद को खत्म किया गया है। अब विकास यादव का मेडिकल बोर्ड की निगरानी में पोस्टमार्टम किया जाएगा।

ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। गलता गेट थाना पुलिस ने नकली सोना देकर डेढ़ लाख रुपए की ठगी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 1 किलो 300 ग्राम नकली सोना बरामद कर लिया।एसीपी (रामगंज) हरिशंकर शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जुरहेरा भरतपुर निवासी आस मोहम्मद उर्फ टिप्पू है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे 1 किलो 300 ग्राम नकली सोना बरामद कर लिया। इस संबंध में पीड़ित लक्ष्मण तिवाड़ी ने 26 जून को गलता गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि एक व्यक्ति ने खुदाई में सोने के बिस्किट निकलना बताए। सैंपल के लिए एक टुकड़ा तोड़कर दिया और बदले में 10 हजार रुपए लिए। जिसे चैक करवाया तो असली मिला। उसके बाद आरोपी ने नकली सोना देकर 1.40 लाख रुपए की ठगी कर ली।

दो हथियारबंद बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन (आग) के तहत ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में वारदात की फिराक में घूम रहे दो हथियारबंद बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़े दोनों बदमाश से अवैध हथियार, पिस्टल, देसी कट्टा एवं 6 कारतूस बरामद किये है। पुलिस टीम फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है।पुलिस उपायुक्त (अपराध) दिगंत आनन्द ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत सीएसटी ने ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में ऑर्म्स एक्ट में आरोपी ताईद खान (47) पुत्र अच्छन खान निवासी अब्दुल बखर मस्जिद के पास खोह नागोरियान और मोहम्मद शरीफ (44) पुत्र शहरूद्दीन निवासी नाई की थड़ी जयसिंहपुरा खोर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आमागढ़ में हथियारबंद दो बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे है। पुलिस टीम ने सूचना पर तुरंत घेराबंदी कर दोनों संदिग्ध को पकड़ा। तलाशी में अवैध हथियार मिलने पर दोनों आरोपी ताईद और मोहम्मद शरीफ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी ताईद के कब्जे से एक देसी कट्टा व दो कारतूस और आरोपी मोहम्मद शरीफ के कब्जे से एक देसी कट्टा व चार कारतूस बरामद किए है। पुलिस टीम गिरफ्तार आरोपियों से अवैध हथियार और वारदात के बारे में पूछताछ कर रही है।

पुलिस कमिश्नर ने जनसुनवाई में कई मामलों का निस्तारण किया

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने प्रतापनगर थाने में जन सुनवाई की।

- कमिश्नर ने बेवजह मामलों को अटकाने को लेकर थानाधिकारी को फटकार लगाई।

जयपुर। आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ शुक्रवार को प्रतापनगर थाने में जन सुनवाई की। थाने पर बड़ी संख्या में परिवादी पहुंचे।

कमिश्नर ने कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। कमिश्नर ने बेवजह मामलों को अटकाने को लेकर थानाधिकारी को फटकार लगाई। जनसुनवाई के दौरान जयपुर पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद्र विश्नोई, जिले के डीसीपी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में वृत क्षेत्र सांगानेर जयपुर (पूर्व) के बड़ी संख्या में परिवादी पहुंचे।

गौरतलब है कि इससे पूर्व जयपुर पुलिस कमिश्नर द्वारा शिप्रा पथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर प्रश्चिम), विद्याधर नगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम) एवं चौमू (जयपुर पश्चिम) थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

सातवीं मंजिल से गिरने पर रिटायर्ड इंजीनियर की मौत

- साले के साथ फ्लैट देखने गए थे, बालकनी से नीचे देखते समय आया चक्कर

जयपुर। राजधानी के महेश नगर इलाके में एक अपार्टमेंट की 7वीं मंजिल से शुक्रवार सुबह रिटायर्ड इंजीनियर की नीचे गिरने से मौत हो गई। जो साले के साथ अपार्टमेंट में फ्लैट देखने गए थे। बालकनी से नीचे देखते समय चक्कर आने से गिर गए। घटना के बाद महेश नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसएमएस हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने बताया कि मृतक अनिल कुमार मित्तल (74) निवासी चिरंजीवी कॉलोनी महेश नगर के रहने वाले थे। वह पीडब्ल्यूडी डिपार्टमेंट से चीफ इंजीनियर के पद से रिटायर्ड हुए थे। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे अनिल कुमार अपने साले के साथ स्वेज फॉर्म स्थित महिमा एलीट में फ्लैट खरीदने के लिए देखने आए थे। अपार्टमेंट की 7वीं मंजिल पर स्थित फ्लैट को देखने के बाद साले के साथ दोबारा नीचे आने के लिए लिफ्ट तक पहुंचे।

इसी दौरान बिल्डिंग की हाइट देखने को लेकर बालकनी के पास चले गए। नीचे देखते समय अचानक चक्कर आ गया। देखते ही देखते वह बालकनी से सात मंजिल नीचे आकर गिरने से उनकी मौत हो गई।

महेश नगर थाना पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर मौका-मुआवना किया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी भिजवाया। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि मृतक अनिल कुमार मित्तल पेट की बीमारी से ग्रस्त था, जिसके चलते ही नीचे देखने पर चक्कर आने से हादसा हुआ।

ब्लड कलेक्शन व ड्रग डिस्ट्रीब्यूशन टावर बनेगा

जयपुर। राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में मरीजों को बेहतर इलाज देने के मकसद से अस्पताल प्रशासन की ओर से लगातार अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी के तहत अस्पताल में दो नए टावर बनाए जाएंगे। सवाई मानसिंह अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर सुशील भाटी का कहना है कि सवाई मानसिंह अस्पताल में दो नए टावर बनाए जाएंगे, जिसमें ब्लड कलेक्शन टावर और ड्रग डिस्ट्रीब्यूशन टावर शामिल है। इसके लिए अस्पताल में जगह चिन्हित कर दी गई है, जल्द ही इन टावर को बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। डॉक्टर भाटी का कहना है कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को अधिक से अधिक राहत मिल सके और सहज तरीके से इलाज मिल सके, इसके लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। इन दोनों टावर के बनने के बाद मरीजों को एक ही स्थान पर जांच की सुविधा और दवा उपलब्ध हो सकेगी।

जेडीए ने किया बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में मानसून से पूर्व तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जयपुर। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में मानसून से पूर्व तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निदेशक अभियांत्रिकी प्रथम देवेंद्र गुप्ता एवं निदेषक अभियांत्रिकी द्वितीय अजय गर्ग सहित संबंधित अभियंतागण उपस्थित रहे। बैठक में बाढ नियंत्रण कक्ष स्थापित किये जाने का निर्णय लिया गया एवं वर्षा से उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि जेडीए द्वारा मानसून के दौरान होने वाली बारिष के पानी से बचाव हेतु हर वर्ष की भांति बाढ नियंत्रण कक्ष अग्निषमन केन्द्र, बनीपार्क में स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष 24 घंटे काम करेगा। जिसमें जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर मय ट्रॉली, मड पम्प, मिट्टे के कट्टे, डम्पर, ट्रेक्टर ब्लेड इत्यादि संसाधन उपलब्ध रहेंगे। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में आठ-आठ घण्टों की पारी में कार्य करने हेतु जेडीए के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जेडीसी ने अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारियों को जोन स्तर पर जीएसबी, डब्ल्यूएमएम, मिट्टी के कट्टे एवं अन्य संसाधन तैयार रखने के निर्देष दिये। उन्होंने कहा कि सभी तरह के संसाधन आवश्यकतानुसार हो, जिससे छोटे से छोटे स्तर पर भी बेहतर कार्य संभव हो सके।बैठक में बताया गया कि बनीपार्क स्थित मुख्य बाढ़ नियंत्रण केन्द्र के अतिरिक्त स्वेज फार्म, सामुदायिक केन्द्र ज्योतिबा फुले कॉलेज के पास, सामुदायिक केन्द्र दांतली एवं सामुदायिक केन्द्र, वैशाली नगर में उप बाढ़ नियंत्रण स्थापित किये गये है।

सार-समाचार

सहस्त्रघट का आयोजन

जयपुर, (का.सं.)। नर्बदेश्वर महादेव मंदिर रामनिवास बाग में समाचार पत्र वितरक महासंघ जयपुर द्वारा सहस्त्र घट का आयोजन किया गया भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक रुद्राभिषेक के साथ विधि विधान से ओम नमः शिवाय के मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार कर भव्य झांकी सजाई गई भक्तों ने बिल पत्र आक-धतूरा फल इत्यादि अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की। भक्तों ने ओम नमः शिवाय हर-हर महादेव के जयकारे लगाए समाचार पत्र वितरक महासंघ के संगठन महामंत्री एवं पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव ने बताया कि भीषण गर्मी में भगवान शिव की पूजा अर्चना का विशेष महत्व होता है इसलिए हर वर्ष प्रदेश में अच्छी बारिश समाचार पत्र वितरक एकता सुख समृद्धि की कामना के लिए समाचार पत्र वितरक महासंघ द्वारा भगवान भोलेनाथ के सहस्त्र घट का आयोजन किया जाता है। इसमें जयपुर के सभी वितरण केंद्रों के वितरक बंधु हिस्सा लेते हैं।भोलेनाथ की महाआरती हुई और भक्तों ने पंगत प्रसादी का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक कालीचरण सराफ विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य किशनपोल विधानसभा प्रत्याशी चंद्रमनोहर बटवाड़ा आदर्श नगर विधानसभा विधायक प्रत्याशी रवि नैय्यर पार्षद कुसुम यादव रही।

जैन महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन कल

जयपुर, (का.सं.)। जैन समाज समाज के विकास एवं कल्याण के लिए कृतसंकल्प 130 वर्ष पुरानी राष्ट्रीय संस्था श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक एवं राष्ट्रीय अधिवेशन 30 जून को राजस्थान राज्य की गुलाबी नगरी जयपुर में होने जा रहा है। अध्यक्ष राजस्थान प्रांत कमल बाबू जैन ने अवगत कराया कि महासभा के सभी विंग धर्म संरक्षिणी, तीर्थ संरक्षिणी, श्रुत संवर्धिनी, महिला एवं युवा घटक एवम जैन राजनैतिक चेतना मंच के महासंगम के शीर्ष प्रतिनिधि महाअधिवेशन में अपने अपने कार्यक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। अधिवेशन में प्रतिनिधियों द्वारा विगत वर्षो में समाज के लिए किए कार्यों की समीक्षा की जाएगी एवं आगामी वर्ष की कार्य योजना के बारे में अपने विचार साझा किए जायेंगे। गजराज जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रकाशचंद बड़जात्या महामंत्री सहित केंद्रीय कार्यकारिणी एवं विभिन्न प्रांतों के प्रतिनिधि अधिवेशन में अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे। महासभा द्वारा धार्मिक क्षेत्र में आगम परंपरा के पालन एवं मुनियों के आहार, विहार एवं निहार महती भूमिका का निर्वहन करती है।

निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

जयपुर। मानसून की बारिश में पानी से लबालब होने वाली सड़के भूतल का पानी भी रिचार्ज करेगी। हेरिटेज निगम जल्द इस ओर कदम उठाने जा रहा है। शुक्रवार को हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने ऐसे क्षेत्रों का दौरा किया, जहां तेज बारिश में सड़क पर जलभराव हो जाता है। निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने ऐसे इलाकों को चिन्हित कर जल्द सिस्टम डवलप करने के निर्देश दिए है।हेरिटेज निगम आयुक्त सुराणा ने निगम अधिकारियों के साथ स्टेच्यू सर्किल, परिवहन मार्ग, सर्किट हाउस, सिविल लाइंस फाटक, जय सिंह हाईवे, रेलवे स्टेशन के बाहर पानी भरने वाली जगहों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारियों ने बताया कि इन जगहों पर सड़क काफी नीचे है, साथ ही यहां पानी निकास की जगह कम है। ऐसे में तेज बारिश आने पर कुछ समय तक सड़क पर पानी भर जाता है। ऐसे में भूतल में पानी रिचार्ज हों, इसके लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित किया जाएगा।इसके अलावा निगम आयुक्त सुराणा ने शहर में निचले इलाकों का भी निरीक्षण किया।

महिलाओं को काम में फ्लेक्सिबिलिटी दी जानी चाहिए : अरुंधति भट्टाचार्य

अरुंधति भट्टाचार्य ने आईडब्ल्यूएन राजस्थान वुमन लीडरशिप समिट 2024 के 5वें संस्करण को संबोधित किया।

जयपुर। महिलाओं को जब किसी कंपनी के वर्कफोर्स में नियुक्त किया जाता है, उनमें से बहुत कम प्रतिशत ही वरिष्ठ प्रबंधन तक पहुंच पाती हैं। इसका कारण यह है कि महिलाएं अकसर विभिन्न अवस्थाओं में वर्कफोर्स से बाहर हो जाती हैं, जैसे कि प्रैग्नेंसी के दौरान, जब उनके बच्चे कक्षा 10 वीं से 12वीं के बीच होते हैं, या जब उन्हें घर पर बुजुर्गों की देखभाल करने की आवश्यकता होती है।

किसी संगठन के वर्कफोर्स में महिलाओं की संख्या 40 से 50 प्रतिशत होनी चाहिए। महिलाओं को वर्कफोर्स में बनाए रखने के लिए, यह समझना महत्वपूर्ण है कि वे अपनी जॉब्स क्यों छोड़ती हैं और वहीं उन्हें फ्लेक्सिबल वर्क शेड्यूल और स्थान प्रदान किया जाना चाहिए। यह बात सेल्सफोर्स इंडिया की चेयरपर्सन और सीईओ अरुंधति भट्टाचार्य ने आज जयपुर में आईडब्ल्यूएन राजस्थान वुमन लीडरशिप समिट 2024 के 5वें संस्करण में वुमन एज कैटेलिस्ट फॉर बिल्डिंग ए हेल्थी ऑर्गेनाइजेशन विषय पर सत्र में विशेष संबोधन के दौरान कही। इस समिट का आयोजन कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) इंडियन वुमन नेटवर्क (आईडब्ल्यूएन) राजस्थान चैप्टर द्वारा किया गया था। भट्टाचार्य, जो एसबीआई की पहली महिला चेयरपर्सन भी रही हैं, ने आगे बताया कि कैसे एसबीआई में महिलाओं के लिए दो वर्ष तक के अवकाश के कॉन्सेप्ट को शुरू करने से 650 से अधिक महिलाओं को अपनी नौकरी में बने रहने में मदद मिली।

युवक से बाइक सवार बदमाश ने मोबाइल छीना

जयपुर। मुरलीपुरा थाना इलाके में बाइक सवार एक बदमाश राह चलते युवक के हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गया। पुलिस के अनुसार जयरामपुरा निवासी विनोद बुरी जयपुर में किराए से रहकर पढ़ाई कर रहा है। वह 19 जून की सुबह मोबाइल पर बात करते हुए अपने कमरे पर जा रहा था। आर्य नगर के पास पीछे से एक बाइक सवार बदमाश आया और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गया। इस पर पीड़ित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं दूसरी ओर खोह नागोरियान इलाके में ग्राहक बनकर आया युवक दुकानदार को चकमा देकर रुपयों से भरा बैग उठाकर ले गया।

घर से निकली छात्रा वापस आई

- छात्रा के परिजनों ने अपहरण का मामला दर्ज कराया था

जयपुर। दौलतपुरा थाना इलाके में एक 12वीं क्लास की छात्रा को अपहरण कर ले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने इस संबंध में पुलिस को जानकारी दी। छात्रा के परिजनों ने पुलिस को बताया कि अपहरणकर्ताओं ने कॉल कर घरवालों को धमकाया कि पीछा किया तो मारे जाओगे। रिपोर्ट दर्ज होने के दूसरे दिन किडनैप छात्रा के वापस लौटने पर पुलिस ने राहत की सांस ली।

जांच अधिकारी एसआई राजकुमार ने बताया कि दौलतपुरा निवासी एक व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि उनकी नाबालिग भांजी का अपहरण हो गया। वह दोपहर करीब 12 बजे घर के पास दुकान पर सामान लेने गई थी। करीब 15 मिनट बाद उसके पास कॉल आया कहा कि हमारा पीछा मत करना, हम जा रहे हैं। घर आकर पता करने पर नाबालिग भांजी गायब मिली। कॉल आने वाले मोबाइल नंबर पर दोबारा सम्पर्क किया। कॉल उठाने वाले से नाम पूछने पर बोला कि नाम जानकर क्या करोगे। हम निकल गए हैं, अगर हमारा पीछा किया तो मारे जाओगे। उसके बाद कॉल उठाना बंद कर दिया। दौलतपुरा थाने पहुंचे परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने किडनैपिंग का मामला दर्ज किया। अपहरण छात्रा को ढूंढने के दौरान ही अगले दिन वह वापस घर लौट आई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि वह 12वीं क्लास में पढ़ती है। घरवालों ने उसे नाबालिग बताया था, लेकिन वह 19 साल की है। अपनी मर्जी से वह घर छोड़कर चली गई थी, फिर समझ आने पर दोबारा घर लौट आई।

कार सवार बदमाशों ने कोचिंग छात्र का अपहरण किया

अपहरण किए गए छात्र को छुड़ाने के लिए पुलिस टीम नागौर भेजी गई

जयपुर। राजधानी के बजाज नगर इलाके में कार सवार बदमाशों द्वारा एक कोचिंग छात्र का अपहरण करने का मामला सामने आया है। पीड़ित के परिजनों ने थाने में छात्र के अपहरण का मामला दर्ज करवाया। अब तक की पुलिस जांच में सामने आया है कि अपहृत स्टूडेंट का ममेरा भाई नागौर से एक लड़की को भागा ले गया है। लड़की के परिजन उन्हें ढूंढते हुए जयपुर आए। छात्र को अपहरण कर ले गए है। पुलिस ने अपहरण छात्र को छुड़ाने के लिए एक टीम नागौर भेजी है।

थानाधिकारी रण सिंह ने बताया कि सुजानगढ़ चूरू निवासी नरसीराम सेरड़िया (22) का अपहरण किया गया है। वह पिछले दो साल से हिम्मत नगर बजाज नगर में किराए से रहकर कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रहा है। 25 जून को शाम मुक्तानंद नगर में पानी पताशी खाते समय बदमाश उसे जबरन स्कॉर्पियो में डालकर किडनैप कर ले गए। नरसीराम से संपर्क नहीं होने पर दोस्तों से पूछने पर किडनैपिंग का पता चला। किडनैप नरसीराम के भाई गोपी किशन ने बजाज नगर थाने में मामला दर्ज करवाया।

पुलिस जांच में सामने अपहरण के पीछे लड़की का होना सामने आया। नागौर में रहने वाली एक लड़की को अपहृत नरसीराम का ममेरा भाई घर से भागा ले गया। लड़की को ढूंढते हुए परिजन स्कॉर्पियो लेकर जयपुर आ गए। मुक्तानंद नगर में नरसीराम को मिलने पर उसको रोककर ममेरे भाई का पता बताने का दबाव डाला। किसी प्रकार की जानकारी नहीं होने की कहने पर स्कॉर्पियो में डालकर उसका अपहरण कर ले गए। अपहरणकर्ताओं की लोकेशन नागौर की आने पर पुलिस की एक टीम वहां के लिए रवाना हो गई।

सेंट्रल जेल में शैंपू के डिब्बे में मिले मोबाइल व अन्य सामान

जयपुर। जयपुर सेंट्रल जेल में मोबाइल मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को सर्च के दौरान वार्ड नम्बर 9 के शौचालय के नजदीक एक शैंपू के डिब्बे में दो मोबाइल, डाटा केबल और अन्य सामान मिले। इस सम्बंध में जेल प्रहरी ने लालकोठी थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार महिला प्रहरी अनिता ने मामला दर्ज करवाया कि गुरुवार को गश्त के दौरान उसे वार्ड नम्बर 9 के शौचालय के पास एक शेम्पू का डिब्बा पड़ा नजर आया। खोलकर देखा तो उसमें दो मोबाइल, दो डाटा केबल और एक दवा की शीशी मिली। इस सामान को जब्त कर मामले की जानकारी जेल अधीक्षक को दी गई।

मामले की जांच हैडकांस्टेबल घनश्याम कर रहे है। इससे पहले भी कई बार सेंट्रल जेल परिसर और बंदियों के पास मोबाइल मिलने की घटनाएं सामने आ चुकी है, लेकिन इन घटनाओं पर जेल प्रशासन लगाम नहीं लगा पा रहा है।

परीक्षा में पास नहीं होने पर फर्जी सब इंस्पेक्टर बन गई मोना

- आरपीए की खामियों का युवती ने उठाया लाभ
- शास्त्री नगर थाना पुलिस ने मोना के घर से पुलिस की कई वर्दियां, इंटरनल एग्जाम के पेपर और 7 लाख रुपए समेत अन्य सामान बरामद किया।

जयपुर। राजस्थान पुलिस अकादमी में फर्जी सब इंस्पेक्टर बनकर ट्रेनिंग करने वाली मोना के घर पर गुरुवार देर रात शास्त्री नगर थाना पुलिस के सर्च के दौरान पुलिस की कई वर्दियां, इंटरनल एग्जाम के पेपर और 7 लाख रुपए समेत अन्य सामान मिला है। जांच में सामने आया कि मोना बुगालिया सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही थी। मोना के पिता खेती करते थे और बाद में ट्रक ड्राइवर बन गए थे।

सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में मोना का चयन नहीं हो पाया था। तीन साल पहले जब अंतिम रिजल्ट आया तो मोना ने सोशल मीडिया पर खुद के सब-इंस्पेक्टर में चयनित होने की खबर फैलाई थी। रिश्तेदारों और गांव के लोगों ने सिलेक्शन पर बधाई दी थी। मोना हर किसी को अपने संघर्ष की कहानी बताने लगी कि कैसे परिवार की आर्थिक हालात कमजोर होने के बावजूद उसने संघर्ष से मुकाम हासिल किया था।

पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डूडी डोगरा ने बताया कि नागौर जिले के निम्बा के बास की रहने वाली मोना बुगालिया उर्फ मूली के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। युवती के फर्जी सब इंस्पेक्टर बनकर आरपीए में ट्रेनिंग करने का खुलासा होने के बाद से वह फरार चल रही है। कोर्ट की ओर से गुरुवार देर शाम सर्च वारंट मिला। इसके बाद रात 9 बजे शास्त्री नगर के मेजर शैतान सिंह कॉलोनी स्थित मोना के किराए के कमरे पर सर्च किया गया। तलाशी में कमरे में 7 लाख रुपए, तीन वर्दी, आरपीए के इंटरनल एग्जाम के पेपर और अन्य डॉक्यूमेंट मिले। पुलिस टीम ने सर्च में मिली सभी चीजों को जब्त कर किया है। 29 सितंबर 2023 को आरपीए के आरआई रमेश चंद ने मूली उर्फ मोना के खिलाफ शास्त्री नगर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। मोना फर्जीवाड़े में आरपीए में ट्रेनिंग ले चुकी थी। जो वर्दी में ज्यादातर समय आरपीए कैंपस में रहती थी। ट्रेनिंग करने वाले थानेदारों को वो पिछले बैच की अभ्यर्थी बताकर ट्रेनिंग कर रही थी।

मोना बुगालिया को पता लग गया था कि आरपीए में कई बैच के सब-इंस्पेक्टर ट्रेनिंग कर रहे थे। वो इस कन्फ्यूजन का फायदा उठाने लग गई। आरपीए में आईबी के कैंडिडेट्स भी ट्रेनिंग करने आते थे। मोना को पता था कि उस कैंडिडेट की बैच 48 में भी जान पहचान है। ऐसे में उसने खुद को आईबी की कैंडिडेट बताया था। मोना आरपीए ट्रेनिंग सेंटर में अलग-अलग बैच के कैंडिडेट्स के ट्रेनिंग करने के कन्फ्यूजन का फायदा उठाकर ट्रेनिंग करती रही थी।